बच्चों का आग के प्रति आकर्षण

Fact Sheet 15 – Community Risk Management. Revised 28/09/2004 - Hindi

- **NSW FIRE BRIGADES**
- **ACT FIRE BRIGADE**
- **NSW RURAL FIRE SERVICE**
- **ACT RURAL FIRE SERVICE**

क्या आपका बच्चा आग से आकर्षित है?

अनेक बच्चे, विशेषतौर पर लड़के, हो सकता है किसी न किसी समय आग से आकर्षित हो अथवा माचिस या लाईटर से खेलें। स्वास्थय विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों का आग में रुचि लेना सामान्य बात है परन्तु इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इस कौतूहल में आपका बच्चा जल न जायें या किसी वस्तु को हानि न पहुँचायें।

ऐसे अनेक कारण है जिनके कारण बच्वें आग आरम्भ करते है, जिनमें से कुछ में ये बातें भी सम्मलित होती है:

- ❑ आकर्षण तथा कौतूहल को सामान्य व्यवहारिक शिक्षा का हिस्सा माना गया है
- ❑ हो सकता है, कुछ बच्चे अपनी तरफ ध्यान आकर्षित करने के लिए आग लगा दें
- ❑ अन्य साथी बच्चों के दबाव का प्रभाव भी आग लगाने का कारण बन सकता है
- ❑ दुर्भाग्य से कुछ बच्चे जो गुस्से या बदले की भावना से पीड़ित हैं वे आग लगा सकते हैं
- ❑ कुछ बच्चे विद्रोही स्वभाव के होते हैं तथा आग जलना उनके उपद्रवों का हिस्सा है
- ❑ स्वास्थय विशेषज्ञों के अनुसार, थोड़ी संख्या में ऐसे बच्चे होते हैं जिनको आग से आकर्षण की बिमारी होती है तथा उन्हें विशेषज्ञ के ईलाज़ की आवश्यकता होती है

बच्चों को आमतौर से पता नहीं होता कि छोटी सी चिनगारी एक भयानक आग बन सकती है।

आप अपने बच्चे को आग से आकर्षित होने से रोकने के लिए क्या कर सकते है?

- ❑ आग का सूचना यंत्र **(smoke alarm)** लगायें तथा समय-समय पर सपरिवार उनकी जाँच करें व साल में एक बार बैटरी बदलें ।
- ❑ घर की आग से बचाव योजना बनाने में बच्चों को शामिल करें तथा इस योजना का सब एकसाथ नियमित अभ्यास करें।
- ❑ माचिस या लाईटर को हमेशा सुरक्षित स्थान पर रखियें, ध्यान रखिये कि बच्चे इन्हें प्राप्त करने के लिए ऊपर भी चढ़ सकते हैं ।
- ❑ बच्चों को शिक्षित करें कि आग, खाना बनाने अथवा तापमान गरम करने का एक औजार है खिलौने नहीं" तथा इसका प्रयोग केवल जिम्मेवार बड़े लोग द्वारा किया जाता हैं ।
- ❑ बच्चों से माचिस या लाईटर लाने के लिए नहीं कहियें। बच्चे दूसरो को देख कर सीखते हैं तथा ज्यादातर जैसा बड़े करते है वे उनके व्यवहार की नकल करते हैं ।
- ❑ बच्चों को प्रेरित कीजियें कि अगर उन्हें माचिस या लाईटर मिले तो वे आपको लाकर दें तथा जिम्मेवारी निभाने पर उनकी प्रशंसा करें ।
- ❑ आग से खेलने के किसी सबूत को जैसे कि जले हुए कपड़े अथवा जेब में माचिस या लाईटर को अनदेखा न करें
- ❑ ध्यान रखियें कि बच्चे हमेशा किसी की निगरानी में रहें ।

अगर बच्चे द्वारा आग के प्रति आकर्षण से आपको कोई चिन्ता है तो

एन·एस·डबल्यू· में 1800 600 700 अथवा ए·सी·टी· में 6207 9032 पर फोन करें

अधिक जानकारी के लिए अपने स्थानीय अग्नि शामक केन्द या अग्नि नियंत्रण केन्द्र से सम्पर्क करें
अथवा देखे: **www.fire.nsw.gov.au** **www.rfs.nsw.gov.au** **or** **www.esa.act.gov.au**

आग के प्रति आकर्षण के सुरक्षा संकेत

- बड़े बच्चों को, माचिस या लाईटर का प्रयोग सुरक्षित ढ़ग से कैसे किया जाता है सिखलाईये, साथ ही इस बात पर जोर दें कि बच्चों को बड़ो की उपस्थिति में ही आग जलानी चाहिए।
- ध्यान रखियें कि छोटे बच्चे कहीं अपने सोने के कमरे में आग से न खेलें।
- जब आप सोये हुए हैं तो आपको धुँए की गन्ध नहीं आयेगी तथा वास्तविकता में इसके प्रभाव से आप गहरी नींद में चले जायेंगे ।

आपातकाल में 000 नम्बर पर फोन कीजिए